महिला, बच्चों तथा अपंग व्यक्तियों सम्बन्धी कार्यक्रमों के लिए मध्य प्रदेश को केन्द्र द्वारा प्रायोजित सहायता देना

3681. श्री रामावतार शर्मा : क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार केन्द्र द्वारा प्रायोजित तथा केन्द्रीय सहायता प्राप्त विभिन्न कार्यक्रमों के लिए मध्य प्रदेश सरकार को 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की सहायता देती रही है जिनका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों तथा विकलांग व्यक्तियों सम्बन्धी कल्याण कार्य करना, सामाजिक सुरक्षा सम्बन्धी उपाय करना, विशेष रोजगार कार्यालयों की व्यवस्था करना तथा विद्यार्थियों से भिन्न युवकों सम्बन्धी कल्याण कार्य करना हैं, परन्तु चौथी पंचवर्षीय योजना में ऐसी सहायता के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) और (ख). स्त्रियों, बच्चों तथा विकलांग व्यक्तियों के लिए सामाजिक कल्याण की केन्द्र द्वारा सहायता पाने वाली आयोजित योजनाओं के लिए मध्य प्रदेश सरकार को 1968-69 तक 50 प्रतिशत का बराबर का अनुदान दिया जाता था। केन्द्र द्वारा प्रवर्तित बच्चों के लिए व्यवसाय-पूर्व प्रशिक्षण की योजना के लिए मध्य प्रदेश सरकार को तृतीय योजना काल से 100 प्रतिशत सहायता दी जा रही है तथा इस कार्यक्रम के लिए चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में व्यवस्था कर दी गई है। शेष कल्याण योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता को राज्यों को दिए गए खण्ड अनुदानों में शामिल किया गया है।

देशी तथा विदेशी शराब की खपत

3682. श्री ओमप्रकाश त्यागी : क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में देशी शराब तथा विदेशी शराब की कितनी खपत हुई; और

(ख) उक्त तीन वर्षों में शराब विक्रेताओं को ठेके देने से सरकार को प्राप्त आय के आंकड़े क्या हैं ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य-मन्त्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) और (ख). यह सूचना एकत्रित की जा रही है तथा प्राप्त होते ही उसे सभापटल पर रख दिया जाएगा।

Setting up a Farm for Employment and Training to Beggars

3683. SHRI BENI SHANKER SHARMA: Will the Minister of LAW AND SOCIAL WELFARE be pleased to state :

(a) whether Delhi Administration has decided to set up a farm on the pattern of one in Mysore to provide employment and training to beggars in the Union Territory;

(b) if so, the details thereof and how far it is going to remove beggars from the Delhi streets; and

(c) whether Central Government propose to ask other States to start such projects to remove beggary from the country ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND IN THE DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE (SHRI JAGANATH RAO) : (a) Delhi Administration has included in their Annual Plan proposals for 1971-72 a scheme for setting up an agriculture farm for training beggars in intensive agriculture operations.